5th class Vyakaran Ch. 5 (संज्ञा के विकार)

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो __

क) लिंग किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित बताइए।

उत्तर- पुरुष या स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द लिंग कहलाते हैं।जैसे- घोड़ा, गाय, लड़का,मुर्गा आदि।

ख)पुल्लिंग और स्त्रीलिंग की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

उत्तर- जिन संज्ञा शब्दों से पुरुष जाति का बोध होता है उन्हें पुल्लिंग कहते हैं जैसे पुत्र ,मोर,हिरन आदि।

जिन संज्ञा शब्दों से स्त्री जाति का बोध होता है उन्हें स्त्रीलिंग कहते हैं । जैसे - पुत्री, मोरनी ,हिरणी आदि।

ग) चार - चार ऐसे शब्द लिखिए जो सदा पुल्लिंग और सदा स्त्रीलिंग होते हैं ।

उत्तर- सदा पुल्लिंग जैसे --- पशु, तोता, पानी, मच्छर आदि।

सदा स्त्रीलिंग जैसे - मछली , छिपकली, मक्खी , कोयल आदि।